गुरु घासीदास विष्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

प्रेस–विज्ञप्ति **दिनांक : 13.10.2011**

बिलासपुर : गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में चल रही पूर्वी क्षेत्र अन्तरविश्वविद्यालयीय महिला खो–खो स्पर्धा में 13 अक्टूबर, 2011 को चार टीमों के बीच लीग मैच खेले गये जिसमें चारों विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया जिसका दर्शकों ने भरपूर लुत्फ उठाया। 14 अक्टूबर को होने वाले लीग मैचों में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पाने वाले टीमों की घोषणा के साथ ही स्पर्धा का समापन होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक श्री अरुण देव गौतम होंगे। समारोह की अध्यक्षता माननीय कुलपति डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी करेंगे।

शारीरिक शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष एवं स्पर्धा आयोजन समिति के संगठन सचिव डॉ. मनीष श्रीवास्तव के अनुसार 13 अक्टूबर को खेले गये लीग मैच में **पहला मैच** वेस्ट बंगाल राज्य विश्वविद्यालय एवं पण्डित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर के बीच खेला गया जिसमें पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय 03 अंक से विजयी रही।

दूसरा मैच गुरु घासीदास विश्वव़िद्यालय एवं कल्याणी विश्वविद्यालय के बीच खेला गया जिसमें कल्याणी विश्वविद्यालय पहली पारी और 02 अंक से विजयी रही।

तीसरा मैच पण्डित रविशंकर विश्वविद्यालय एवं कल्याणी विश्वविद्य़ालय के बीच खेला गया जिसमें दोनों टीमें बराबरी पर रहीं, इसलिए दोनों टीमों को एक–एक अंक दिया गया।

चौथा मैच गुरु घासीदास विश्वविद्यालय एवं वेस्ट बंगाल राज्य विश्वविद्यालय के बीच खेला गया जिसमें वेस्ट बंगाल पहली पारी और 02 अंक से विजयी रही।

लीग मैचों के दौरान उप कुलपति डॉ. पी.सी. उपाध्याय ने स्वयं उपस्थित होकर महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान डॉ. ब्रजेश तिवारी, डॉ. ए. रामाकृष्णा, डॉक्टर मण्डल सहित शारीरिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों के शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

मीडिया प्रभारी